प्रेस नोट

जनपद भदोही

दिनांक 01.11.2026

◆जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के कुशल निर्देशन में मा0 राज्यपाल महोदया के भदोही भ्रमण को लेकर पुलिस लाइन ज्ञानपुर सभागार में संपन्न हुई पुलिस बल की अहम ब्रीफिंग बैठक, मुस्तैदी और वायरलेस संचार व्यवस्था बनाए रखने के कड़े निर्देश

उत्तर प्रदेश की मा0 राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल के दिनांक 02.11.2026 को जनपद भदोही के ज्ञानपुर में प्रस्तावित आगमन व भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत, जिलाधिकारी श्री शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव त्यागी के कुशल नेतृत्व व निर्देशन में पुलिस लाइन ज्ञानपुर स्थित सभागार में सुरक्षा ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारीगणों की एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग (समीक्षा बैठक) आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा कड़े निर्देश दिए गए, जिसके तहत सादे वस्त्रों में तैनात अन्य सभी विभाग के कर्मचारीगण/सुरक्षाकर्मी अनिवार्य रूप से सफारी सूट या प्रॉपर फॉर्मल सिविल ड्रेस में रहेंगे और ड्यूटी के दौरान टी-शर्ट, जींस, पैंट या चप्पल-सैंडल पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दिनांक 02.11.2026 को प्रातः 07:00 बजे तक अपने निर्धारित ड्यूटी स्थलों पर अनिवार्य रूप से पहुंचने, हेलीपैड व काशी नरेश विश्वविद्यालय परिसर सहित समस्त कार्यक्रम स्थलों पर एंटी सैबोटाज चेकिंग (Anti-Sabotage Checking) व डीएफएमडी/एचएचएमडी उपकरणों के माध्यम से कड़ी सुरक्षा और सघन चेकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुचारू यातायात नियंत्रण के लिए कड़े सुरक्षा मानकों के साथ प्रभावी रूट डायवर्जन और निरंतर संचार व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संपूर्ण ड्यूटी क्षेत्र में वायरलेस कनेक्टिविटी व LIU टीमों को हर पल मुस्तैद रहने की हिदायत दी गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मा0 राज्यपाल महोदया की सुरक्षा सर्वोपरि है और कर्तव्यों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।